<u>विधान परिषद के द्वितीय सत्र, **2022** के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-21 का उत्तरालेख्य।</u>

| **क्र.सं.** | **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|---|
| 21(क) | क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि कानपुर रोड योजना सेक्टर-डी वन (ओ) प्लाट नम्बर-सी0पी0-5 से 08 तक व्यावसायिक भूखण्ड के पार्किंग स्थल पर विभाग की मिलीभगत एवं धनदोहन करके अवैध रूप से निर्माण कराकर कब्जा कराया गया है? | जी नहीं। |
| (ख) | यदि हाँ, तो उक्त प्लाट संख्या-सी0पी0-05 से 08 तक व्यावसायिक भूखण्डों के पार्किंग स्थल पर अवैध रूप से किये गये निर्माण को खाली कराकर सम्बन्धित आवंटियों को कब्जा दिलाये जाने की प्रभावी कार्यवाही करायेंगे? | कानपुर रोड योजना के सेक्टर-डी-1 (ओ), प्लाट संख्या-सी0पी0-05 से 08 तक व्यावसायिक भूखण्डों के पार्किंग स्थल पर अस्थाई रूप से लगभग 30-40 झुग्गी बनी हुई है, जिन्हें हटाकर सम्बन्धित आवंटियों को कब्जा दिये जाने की कार्यवाही की जायेगी। प्रश्नगत स्थल पर बनी अवैध झुग्गी को हटाने की कार्यवाही हेतु दिनांक 23.09.2022 को तिथि नियत की गयी है। नियत तिथि पर अवैध झुग्गियों को हटा दिया जायेगा। |
| (ग) | यदि हाँ, तो कब तक उक्त अवैध निर्माण को ध्वस्त/खाली कराकर उसमें संलिप्त विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर प्रशासनिक कार्यवाही कर उसकी रिपोर्ट सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री